# बदला आर्थिक परिवेश

# प्रगति के पथ पर उत्तर प्रदेश



यूपी ने 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं की नींव रखने के साथ ही वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। ये परियोजनाएं यूपी के लिए वास्तविक ग्रोथ इंजन का काम करेंगी। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था से यूपी में सुरक्षा का वातावरण पैदा हुआ, तो निवेशकों को भी संबल मिला। इससे अर्थव्यवस्था, विकास, रोजगार में बढ़ोत्तरी हो रही है। एक तरफ युवाओं का पलायन रुका है, तो दूसरी तरफ प्रति व्यक्ति आय भी दोगुनी हुई है। देश में सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्य की उपलब्धि भी यूपी के खाते में दर्ज है। आज प्रदेश अपनी प्रतिभा और अपार संभावनाओं के लिए जाना जा रहा है। देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में यूपी देश की अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान कर रहा है। अब यूपी एक्सप्रेस-वे प्रदेश भी है और सबसे ज्यादा एयरपोर्ट वाला राज्य भी। डिफेंस कॉरिडोर भी यहां है, तो यह इंडस्ट्रियल हब बनकर भी उभर रहा है। अब यूपी निवेशकों के लिए रेड कार्पेट बिछा रहा है। प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की सराहना उद्योग जगत के दिग्गज भी कर रहे हैं।

## भारत की जीडीपी में बढ़ेगी हिस्सेदारी और प्रति व्यक्ति आय भी

उत्तर प्रदेश में हो रहा भारी भरकम निवेश अर्थव्यवस्था को बुलंद करेगा

10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरने के बाद देश की जीडीपी में हिस्सेदारी बढ़ेगी

यूपी से प्रति वर्ष हो रहा 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात, भारत के कुल निर्यात में 11 फीसदी की भागीदारी

96 लाख एमएसएमई इकाइयों के साथ यूपी देशभर में नंबर एक

आध्यात्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन से कारोबार ने मारी लंबी छलांग। पिछले साल 44 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यूपी में आए

निर्माण सेक्टर में 13 फीसदी, लॉजिस्टिक्स में 8 फीसदी, ऊर्जा में 7 फीसदी और नवीकरणीय ऊर्जा में 15 फीसदी निवेश। इससे जुड़े 450 से ज्यादा सेक्टरों को भी संजीवनी मिलेगी

अकेले निर्माण में ही 300 से ज्यादा सेक्टर जुड़े हैं। इनके कारोबार में 15 फीसदी से ज्यादा ग्रोथ का अनुमान है

## राज्य की जीडीपी में आएगा तेज उछाल

**14.3%**
की सालाना दर से आगे बढ़ रही प्रदेश की अर्थव्यवस्था। यह देश में सबसे ज्यादा



**7.36**
लाख करोड़ रुपये हुआ यूपी के बजट का आकार वर्ष 2024-25 में, यह 2016-17 में 3.46 लाख करोड़ रुपये था

**12%**
यूपी की हिस्सेदारी देश की जीडीपी में पहुंचने का अनुमान अगले तीन साल में



**25**
लाख करोड़ रुपये यूपी की स्टेट जीडीपी अनुमानित है नए वित्तीय वर्ष में

**आने वाले वर्षों में वन ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा छूने का अनुमान**

**90,000**
रुपये यूपी में प्रति व्यक्ति आय का अनुमान

## बढ़ता विश्वास-निवेश और रोजगार

| ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी | वर्ष | निवेश | परियोजनाएं | रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| 1.0 | 2018 | 61,847 करोड़ की | 81 परियोजनाएं | 02 लाख रोजगार |
| 2.0 | 2019 | 65,000 करोड़ की | 290 परियोजनाएं | 2.6 लाख रोजगार |
| 3.0 | 2022 | 80,000 करोड़ की | 1,406 परियोजनाएं | 05 लाख रोजगार |
| 4.0 | 2024 | 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की | 14,557 परियोजनाएं | 34 लाख रोजगार |

“

यूपी में डबल इंजन की सरकार बने सात वर्ष हो रहे हैं। इन सात वर्षों में प्रदेश में रेड टेप कल्चर, रेड कार्पेट कल्चर बन गया है। यूपी में क्राइम कम हुआ, तो बिजनेस कल्चर का विस्तार हुआ है। बीते सात वर्षों में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। यूपी में भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बनने का सामर्थ्य है। आज देश का हर व्यक्ति वाराणसी और अयोध्या आना चाहता है। आने वाले समय में यहां टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर बनने वाले हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


उत्तर प्रदेश में जल-थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल तथा सिंगल विंडो सिस्टम के साथ प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि आज हर निवेशक यहां आना चाहता है। नीतियों में पारदर्शिता के साथ उनके क्रियान्वयन से जुड़े हर व्यक्ति की यहां जवाबदेही भी है। उत्तर प्रदेश में हर निवेशक का सम्मान है। यहां पर्याप्त लैंड भी है और भरपूर बिजली भी है। न मैनपावर की कमी है, न विल पावर का अभाव। अब तो लोग कहने लगे हैं कि सुरक्षित निवेश यानी उत्तर प्रदेश।

**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

### किस क्षेत्र में कितना निवेश

| | |
|---|---|
| 52% | पश्चिमांचल |
| 29% | पूर्वांचल |
| 14% | मध्यांचल |
| 05% | बुंदेलखंड |

## जल-थल और नभ कनेक्टिविटी में यूपी नंबर वन



- भारत में कुल एक्सप्रेसवे का 55 फीसदी यूपी में
- देश में सबसे ज्यादा 10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन
- देश का पहला रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम वाला राज्य
- वाराणसी से हल्दिया तक गंगा नदी में क्रूज चलाया जा रहा
- अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू